राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः एफ.26(25)RSSB / परी. / Housekeeper / 2022 / 3115 दिनांक : 20/4/2023

–::कार्यालय आदेश::–

बोर्ड द्वारा राजस्थान विश्राम भवन (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2019 यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 के अन्तर्गत सामान्य प्रशासन विभाग के लिये **हाउस कीपर (House Keeper) सीधी भर्ती–2022** के 33 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 29 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 04) पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 05 / 2022 दिनांक 29.03.2022 को जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। बोर्ड द्वारा दिनांक 26.08.2022 को हाउस कीपर सीधी भर्ती–2022 का परीक्षा परिणाम जारी कर 2 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज का सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है। इन अभ्यर्थियो की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 21.09.2022 से दिनांक 22.09.2022 तक किया गया। उक्त पात्रता जांच हेतु निर्धारित दिनांक को **गैर अनुसूचित क्षेत्र के 8 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 3 कुल 11 अनुपस्थित** रहे सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। निम्नलिखित अभ्यर्थी **दिनांक 28.04.2023** को प्रातः **10.00** बजे से **सर्किट हाउस, खासा पुलिया के पास, एम.आई. रोड, जयपुर** पर ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र दो प्रतियों, स्वयं प्रमाणित दस्तावेजों एवं मूल दस्तावेजों के साथ पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु आवश्यक रूप से उपस्थित होवें।

क.सं.	अभ्यर्थियो के रोल नं0	दिनांक
1.	**NTSP** 300218 300397 300711 300860 301053 301139 301654 301703	28.04.2023
2.	**TSP** 300122 300322 301923	28.04.2023

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें:–

1. पात्रता की जांच हेतु गठित टीमों द्वारा **हाउस कीपर (House Keeper) सीधी भर्ती–2022** में दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेजों से किया जायेगा।
2. दस्तावेज सत्यापन की जांच हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र **ऑनलाईन दिनांक 24.04.2023 से भरेगा** तथा दस्तावेज सत्यापन की फीस भी ऑनलाईन जमा करवायेगा। उक्त विस्तृत आवेदन को भरने के लिए अभ्यर्थी को अपनी SSO ID पर जाकर RECRUITMENT PORTAL पर जाकर MY RECRUITMENT उसके बाद DETAILED FORM CUM SCRUTINY पर जाकर **HouseKeeper** के लिंक के सामने **Apply Now** पर जाकर विस्तृत आवेदन भर फीस जमा करावे।

3. अभ्यर्थी उक्त ऑनलाईन विस्तृत आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर इसकी दो प्रति एवं जमा फीस की प्रति प्रिन्ट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने साथ लायेगा।
4. अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से अपने साथ लायेगा।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
6. सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा उन्होनें परीक्षा शुल्क रूपये 250/– ही जमा करवाये है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र पात्रता की जांच एवं दस्तावेज के सत्यापन के समय आवश्यक रूप से लेकर आवें।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव